राज्यपाल सचिवालय, बिहार
(जन–सम्पर्क शाखा)
राजभवन, पटना–800022

ई–मेल–pr.rajbhavan@gmail.com
prrajbhavanbihar@gmail.com
मोबाईल–9431283596

प्रेस–विज्ञप्ति

महामहिम राज्यपाल ने लखनऊ में उत्तर प्रदेश की महामहिम राज्यपाल श्रीमती आनंदीबेन पटेल से शिष्टाचार मुलाकात की

पटना, 31 अगस्त 2019

बिहार के महामहिम राज्यपाल श्री फागू चौहान ने आज राजभवन, लखनऊ में उत्तर प्रदेश की महामहिम राज्यपाल श्रीमती आनंदीबेन पटेल से शिष्टाचार मुलाकात की एवं पुष्प–गुच्छ तथा मधुबनी पेंटिंग का अंगवस्त्रम् भेंटकर उनका हार्दिक अभिवादन किया। उत्तर प्रदेश की राज्यपाल श्रीमती पटेल ने भी बिहार के राज्यपाल का राजभवन, लखनऊ पहुँचने पर अंगवस्त्रम् एवं स्मृति–चिह्न भेंटकर हार्दिक स्वागत किया।

महामहिम राज्यपाल श्री चौहान ने मुलाकात के दौरान राज्यपाल श्रीमती पटेल को उत्तर प्रदेश के राज्यपाल का पदग्रहण करने पर उन्हें अपनी बधाई और शुभकामनाएँ दी। उत्तर प्रदेश की राज्यपाल श्रीमती पटेल ने भी बिहार के राज्यपाल श्री चौहान को बधाई और मंगलकामनाएँ देते हुए विश्वास व्यक्त किया कि बिहार राज्य राज्यपाल श्री चौहान के मार्ग–दर्शन में तेजी से प्रगति–पथ पर अग्रसर होगा।

....